वर्ष 4 अंक 311
पृष्ठ 14
धनबाद, बुधवार
18 मई 2016
आसनसोल संस्करण
मूल्य ₹ 5.00

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

# दैनिक जागरण




उमेश शुक्ला की नई फिल्म में संजय दत्त – 14    नरेंद्र मोदी का बेसब्री से इंतजार कर रहा अमेरिका – 10

www.jagran.com
पश्चिम बंगाल • झारखंड • बिहार • उत्तर प्रदेश • दिल्ली • मध्य प्रदेश • हरियाणा • उत्तराखंड • पंजाब • जम्मू-कश्मीर • हिमाचल प्रदेश से प्रकाशित

## जागरण विशेष

देश में घट रही शराब की बिक्री >>10
रियो में कीर्तिमान बनाएंगी फोगाट बहनें >>12
सोनम की 'बैटल फॉर बिटोरा' ठंडे बस्ते में >>14



## अंदर पढ़ें

### समाजवादी पार्टी का फिर अमर प्रेम

लखनऊ : सपा ने अमर सिंह और बेनी प्रसाद वर्मा को राज्यसभा उम्मीदवारों में शामिल किया है। हालांकि अमर सिंह के नाम पर राम गोपाल यादव व मंत्री आजम खां की सहमति नहीं थी। >>13

जोश पेज 6

जागरण तलाश तालाबों की

# नई सोच लाएं वैज्ञानिक : हर्षवर्धन

## विज्ञान व प्रौद्योगिकी मंत्री ने सीएमईआरआइ का किया दौरा, बंगाल की धरती को सराहा

◆ वैज्ञानिकों से की मानव कल्याण के लिए कार्य करने की अपील

**जागरण संवाददाता, दुर्गापुर :** जब देश में संसाधान का अभाव था उस वक्त डॉ. जगदीशचंद्र बोस, सीवी रमण, डॉ. एसएन बोस जैसे वैज्ञानिकों ने पूरे विश्व में भारत का लोहा मनवाया। कई वैज्ञानिकों को नोबल पुरस्कार भी मिला। आज हर संसाधन मौजूद है, प्रयोगशाला में हर व्यवस्था है। करोड़ों का माइक्रोस्कोप के अलावा अन्य तकनीकी सुविधाएं मौजूद हैं तो अब क्यों नहीं हो सकता है? वैज्ञानिकों को नई ऊर्जा, नई सोच, उत्साह एवं जज्बा के साथ नया सपना देखना होगा। अगर सपना पूरा करने के लिए कार्य करेंगे तो वह साकार भी होगा। उक्त बातें केंद्रीय विज्ञान व प्रोद्यौगिकी मंत्री डॉ. हर्षवर्धन ने दुर्गापुर के केंद्रीय यांत्रिकी अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान संस्थान में मंगलवार को कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही।

उन्होंने कहा कि बंगाल की धरती पर स्वामी विवेकानंद, रामकृष्ण परमहंस, रवींद्रनाथ टैगोर जैसे लोगों ने जन्म लेकर पूरे विश्व में भारत को पहचान दिलाई। बंगाल की धरती वैज्ञानिकों की धरती भी है। हमें भी उनके जज्बे की तरह काम करना होगा। हमेशा सोचना होगा और चिंतन करना होगा। लक्ष्य हासिल करने के लिए सपना भी संजोना होगा। देश में आज भी गरीब लोगों की संख्या अधिक है। काफी संख्या में लोग कुपोषण के शिकार व कुपोषण से पीड़ित हैं। जब तक आम जनता की समस्या दूर नहीं होती, तब तक किसी भी उपलब्धि का कोई मतलब नहीं है। जो कुछ करना चाह रहे हैं, उसके लिए हमें वहां जाकर लोगों की तकलीफ को समझना होगा। प्राथमिकता तय करनी होगी। अभी हमारे सामने अवसर उपलब्ध है। प्रधानमंत्री भी देश के बारे में सोच रहे हैं और गरीब जनता की तकलीफों को दूर करना चाहते हैं। हमें भी नया आइडिया विकसित करना होगा। उन्होंने हिंदी में कार्यक्रम के संचालन के लिए कौशल कुमार की सराहना भी की। इसके पहले उन्होंने सीएमईआरआइ प्रांगण में लगाई गई यंत्रों की प्रदर्शनी को देखा। यहां तक की ट्रैक्टर व ईको रिक्शा को भी चलाया एवं प्रसन्नता व्यक्त की। मौके पर महानिदेशक डॉ. गिरीश साहनी, सीएमईआरआइ के निदेशक डॉ. हरीश हिरानी आदि मौजूद थे।



दुर्गापुर में मंगलवार को सीएमईआरआइ में ई-रिक्शा चलाते केंद्रीय मंत्री डॉ. हर्षवर्धन। जागरण



# दिल्ली में जाएगा दुर्गापुर से सोलर ट्री

■ मंत्री डॉ. हर्षवर्द्धन ने दो सोलर ट्री लाइट का दिया ऑर्डर

**जागरण संवाददाता, दुर्गापुर :** केंद्रीय विज्ञान व प्रौद्योगिंकी मंत्री डॉ. हर्षवर्द्धन ने मंगलवार को केंद्रीय यांत्रिकी अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान (सीएमईआरआइ) का दौरा किया। जहां उन्होंने ट्रैक्टर, आलू बिछाने वाली मशीन आदि का निरीक्षण किया।

सीएमईआरआइ के वैज्ञानिकों द्वारा तैयार की गई सोलर ट्री को भी देखा। जिसके बाद उन्होंने दिल्ली स्थित अपने बंगलो एवं अनुसंधान भवन में सोलर लाइट लगाने के लिए दो सोलर ट्री का ऑर्डर भी दे दिया। जिससे वैज्ञानिकों में भी खुशी देखने को मिली। वरिष्ठ वैज्ञानिक शिवनाथ माइती ने कहा कि मंत्री जी ने दो सोलर ट्री का आदेश दिया है। जिसे एक जुलाई को दिल्ली स्थित बंगलो एवं अनुसंधान भवन में लगाया जाएगा। उन्होंने कहा कि पांच मेगावाट का सोलर लाइट के लिए तकरीबन चार सौ वर्गफीट जमीन की जरूरत पड़ती है। लेकिन सोलर ट्री में मात्र चार वर्ग फीट जमीन की जरूरत है।



ट्रैक्टर चलाते मंत्री डॉ. हर्षवर्द्धन।